ग्रामीण चिकित्सक डा. हरेंद्र प्रसाद के निधन से शोक की लहर

तरैया। प्रखंड के बगही हरखपुर गांव निवासी प्रसिद्ध ग्रामीण चिकित्सक डॉ. हरेंद्र प्रसाद का शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही गांव सहित चिकित्सा जगत में शोक की लहर दौड़ गई। उनके असामयिक निधन से परिजनों और शुभचिंतकों में मातम पसरा हुआ है। डॉ. हरेंद्र प्रसाद के निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र के ग्रामीण चिकित्सकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और अन्य लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक व्यक्त किया।

पूर्व मध्य रेल

खुली ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्यों हेतु ई.निविदा आमंत्रित की जाती है।
क्रम सं.: 1, **कार्य का नाम एवं स्थान :** झाझा में नवनिर्मित टाइप–IV (02 इकाइयां), टाइप–III (04 इकाइयां), क्वार्टर्स के विद्युतीकरण, ओ.आर.एच. (ORH) में अतिरिक्त कार्य के साथ बिजली आपूर्ति व्यवस्था के संबंध कार्य तथा उप मुख्य बिजली इंजीनियर/ निर्माण/दक्षिण/महेन्द्रूघाट (Dy. CEE/Con/S/MHX) के अंतर्गत किसी अन्य स्थान पर कार्य। e-Tender No. EL/C/S/MHX/ETEN/06/26-27., **क्रम सं. :** 2, **अनुमानित कार्य की लागतः** रू. 92,72,887.75/–, **क्रम सं. :** 3, **जमा किए जाने वाले बयाना राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य :** NIT के अनुसार एवं रू. शून्य, **क्रम सं. :** 4, **कार्य पूर्ण करने का समय :** 12 माह, **क्रम सं. :** 5, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 18.11.2026 दोपहर 12.00 बजे तक, **क्रम सं. :** 6, **निविदा की उपलब्धता :** वेबसाईटः **www.ireps.gov.in** पर, हिन्दी एवं अंग्रेजी की सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर अंग्रेजी में प्रकाशित सूचना को सही माना जायेगा।

उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/दक्षिण
पूर्व मध्य रेल, महेंद्रूघाट, पटना

पीआर/1213/कॉन/एस/एमएचएक्स/पटना/नि./टी/26–27/32

दूसरे चरण की जनसंख्या गणना का प्रशिक्षण शुरू

छह नवंबर तक चार चरणों में 121 अधिकारी और कर्मियों को दी जायेगी ट्रेनिंग

छपरा। जनगणना 2027 के दूसरे चरण की तैयारियों के तहत शुक्रवार से सारण जिले में अधिकारियों और कर्मियों का प्रशिक्षण शुरू हुआ। जिला अतिथि गृह सभागार में जिलाधिकारी सह प्रधान जनगणना अधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण में लोगों की संख्या के साथ उनकी सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक स्थिति से संबंधित आंकड़े जुटाए जाएंगे। इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी। इसलिए पोर्टल और जनगणना प्रबंधन एवं निगरानी प्रणाली का व्यावहारिक प्रशिक्षण गंभीरता से लेना जरूरी है।प्रशिक्षण छह नवंबर तक चार चरणों में होगा, जिसमें कुल 121 अधिकारी एवं कर्मी शामिल होंगे। पहले चरण में 30 और 31 अक्टूबर को 36 अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इनमें जिला जनगणना अधिकारी सह अपर समाहर्ता मुकेश कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी निशांत किरण, नगर आयुक्त, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अंजनी कुमार लाल, अनुमंडल पदाधिकारी नीतेश कुमार तथा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी शामिल हैं।दूसरे चरण में एक और दो नवंबर को 21, तीसरे चरण में तीन और चार नवंबर को 32 तथा चौथे चरण में पांच और छह नवंबर को 32 कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। अंतिम चरण में तकनीकी सहायक लैपटॉप के साथ शामिल होंगे। निदेशालय की जिला नोडल अदिति आनंद और मास्टर ट्रेनर आयुषी सिंह प्रशिक्षण दे रही हैं। जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण के बाद परीक्षा लेने का निर्देश अपर जिला जनगणना अधिकारी सह डीआईओ तारणी कुमार को दिया। जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य मई में पूरा हो चुका है।



वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

छपरा। मांझी थाना क्षेत्र के ताजपुर पेट्रोल पंप के समीप शुक्रवार को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान भभौली गांव निवासी रामायण यादव के 40 वर्षीय पुत्र नीरज कुमार यादव के रूप में हुई है। उनकी मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार, नीरज गांव में ही जनरल स्टोर एवं किराना दुकान चलाते थे। शुक्रवार को वह अपनी दुकान के लिए सामान खरीदने ताजपुर गए थे। सामान लेकर बाइक से घर लौटने के दौरान ताजपुर पेट्रोल पंप के समीप एक अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही मांझी पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। ग्रामीणों ने पुलिस से घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर दुर्घटना में शामिल वाहन की पहचान करने की मांग की है। मृतक अपने पीछे पत्नी और आठ तथा दस वर्ष के दो पुत्रों को छोड़ गए हैं।



सेरूकहा गांव में गोली मारकर पुजारी की हत्या

छपरा (आससे)। मशरक थाना क्षेत्र के सेरूकहा गांव में अपराधियों ने एक पुजारी की गोली मारकर हत्या कर दी. शुक्रवार की अहले सुबह पुजारी का शव मिलने के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गयी. मृतक की पहचान मशरक थाना क्षेत्र के गंडामन गांव निवासी स्व. वीरेंद्र मिश्रा के 37 वर्षीय पुत्र पंडित रवि प्रकाश मिश्रा के रूप में हुई है।मिली जानकारी के अनुसार, रवि प्रकाश बृहस्पतिवार की शाम करवाचौथ की कथा सुनाने के लिए पकड़ी गांव गए थे. कथा सुनाने के बाद वह वापस लौट रहे थे। इसी दौरान सेरूकहा गांव में अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी, जिससे उनकी मौत हो गयी. शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों ने उनका शव देखा, जिसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गई।घटना की सूचना मिलते ही मशरक डीएसपी संजय कुमार सुधांशु, पुलिस इंस्पेक्टर इंद्रदेव महतो और थानाध्यक्ष उज्ज्वल कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे. पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच–पड़ताल शुरू कर दी. पुलिस घटनास्थल से जुड़े साक्ष्य जुटाने के साथ हत्या के कारणों और अपराधियों की पहचान में जुटी हुई है. बताया जाता है कि मृतक मंदिर में पुजारी का काम करते थे. इसके अलावा आसपास के गांवों में शिव चर्चा और पूजा–पाठ कराने भी जाते थे। वे बेहद गरीब परिवार के थे.और पुजारी का काम कर अपने परिवार का भरण–पोषण करते थे। चार साल पहले उनकी पत्नी की मौत हो गयी थी. जिसके बाद तीन छोटे छोटे बच्चे की परवरिश की जिम्मेवारी उनके कन्धे पर थी। उनकी हत्या की खबर से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है, वहीं गांव और आसपास के इलाके में शोक का माहौल है.

बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत तेज, मकेर में नौ पथों का निरीक्षण

छपरा। बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत और आवागमन सुचारू करने के लिए जिला प्रशासन ने पहल तेज कर दी है। जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव के निर्देश पर विभिन्न प्रखंडों में क्षतिग्रस्त पथों का स्थलीय निरीक्षण कर मरम्मत कार्यों की निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में 29 अक्टूबर को जिला मत्स्य पदाधिकारी, सारण ने मकेर के कनीय अभियंता के साथ मकेर प्रखंड में ग्रामीण कार्य विभाग (आरडब्ल्यूडी) द्वारा निर्मित बाढ़ प्रभावित सड़कों का निरीक्षण किया। इस दौरान कुल नौ पथों की स्थिति का जायजा लिया गया। इनमें आठ पथों पर आवागमन सुचारू रूप से चालू पाया गया, जबकि पुरुषोत्तमपुर से नौकरहा पथ पर मरम्मत कार्य जारी मिला।गौरतलब है कि जिलाधिकारी ने 28 अक्टूबर को आयोजित बैठक में सभी संबंधित कार्यपालक अभियंताओं को क्षतिग्रस्त सड़कों का प्राथमिकता के आधार पर निरीक्षण कर मरम्मत कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया था। इसके लिए जिला स्तर के पदाधिकारियों को विभिन्न पथ प्रमंडलों से जोड़कर अनुश्रवण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रशासन ने निर्धारित समय–सीमा में मरम्मत पूरी कर सुरक्षित आवागमन बहाल करने का निर्देश दिया है।

अवैध पटाखा बिक्री पर पुलिस की सख्ती, दुकानदारों को थमाया नोटिस

परसा। दीपावली और छठ पूजा को देखते हुए अवैध पटाखों की बिक्री एवं भंडारण पर रोक लगाने के लिए पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। शुक्रवार को थानाध्यक्ष ओमप्रकाश के नेतृत्व में अपर थानाध्यक्ष दिलीप कुमार समेत पुलिस टीम ने परसा बाजार में अस्थाई पटाखा दुकानों पर छापेमारी की। इस दौरान दुकानदारों को नोटिस तामिला कराते हुए वैध लाइसेंस, निर्धारित मात्रा में भंडारण और अग्नि सुरक्षा के मानकों का पालन करने का निर्देश दिया गया। थानाध्यक्ष ने कहा कि बिना अनुमति पटाखों की बिक्री या भंडारण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। पुलिस ने दुकानदारों से नियमों का पालन करने की अपील की।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कौशल कुमार कौशिक उर्फ कौशल कौशिक पुत्र स्वर्गीय जगदीश प्रसाद ने हमारे शाखा में व्यापार लोन के लिए आवेदन किया है उन्होंने बैंक को सूचित किया है कि उनका एक निबंधित केवाला जिसका संख्या 2703 दिनांक 27/05/2008 है वो सम्पति पटना जिले से समन्धित है जिसका खाता संख्या 11, खेसरा संख्या 328, मौजा निसरपुरा है। श्री कौशल कौशिक ने इस सम्बन्ध में नौबतपुर थाना में सनहा भी दर्ज कराया है जिसका SDE नंबर 741/23 दिनांक 22/01/2023 है, अतः जिस किसी व्यक्ति/संस्था/गैर वित्तीय संस्था / सरकारी क्षेत्र के बैंक / निजी बैंक को उक्त बर्नित सम्पति पर किसी प्रकार का दावा हो या किसी बैंक में बंधक रखा गया हो तो इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिन के भीतर अपना आपति/दावा प्रस्तुत करें अन्यथा इसे स्वतन्त्र मानते हुए बंधक रखकर ऋण स्वीकृत करने की अग्रेतर कार्यवाही कर दी जाएगी और तत्पश्चात किसी भी प्रकार का दावा अमान्य समझा जाएगा। इसे अति आवश्यक समझा जाय।
कृपया निम्नलिखित शाखा से संपर्क करें:
स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, SME सगुना शाखा, दूसरी मंजिल, ओजोन प्लाजा, RPS मोड़ के पास, बेली रोड के पश्चिम में, पटना-801503,
मोबाइल- 7012958439
ईमेल- sbi.65609@sbi.co.in

अंडर-16 क्रिकेट ट्रायल 18 नवंबर को छपरा में सारण, सीवान व गोपालगंज के खिलाड़ी होंगे शामिल

छपरा (आससे)। राजधानी पटना के ऊर्जा स्टेडियम में दिसंबर में आयोजित होने वाले सवेरा पी. आई. आर. पांड्या वाटिका इंटर डिवीजनल अंडर–16 क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए सारण प्रमंडल टीम के गठन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसे लेकर छपरा में आयोजित प्रेस वार्ता में 18 नवंबर को होने वाले प्रमंडल स्तरीय ट्रायल की रूपरेखा जारी की गई।आयोजकों ने बताया कि ट्रायल में सारण, सीवान और गोपालगंज जिले के प्रतिभाशाली अंडर–16 खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। ट्रायल के आधार पर 16 खिलाड़ियों का चयन कर सारण प्रमंडल की टीम बनाई जाएगी, जो ऊर्जा स्टेडियम में अन्य प्रमंडलों के खिलाफ खिताबी मुकाबले खेलेगी। चयन प्रक्रिया के लिए सुनील कुमार सिंह को अध्यक्ष, कैसर अनवर को संयोजक तथा राहुल कुमार को मुख्य चयनकर्ता बनाया गया है। राहुल कुमार ने कहा कि चयन पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी होगा तथा खिलाड़ियों का चयन उनके प्रदर्शन, फिटनेस और तकनीकी दक्षता के आधार पर किया जाएगा। प्रेस वार्ता में सवेरा पी.आई.आर. पांड्या वाटिका इंटर डिवीजनल क्रिकेट प्रतियोगिता के सचिव पंकज मिश्रा, उपाध्यक्ष रितेश रंजन, सहायक सचिव राज किशोर, अध्यक्ष सुनील सिंह, संयोजक कैसर अनवर और मुख्य चयनकर्ता राहुल कुमार मौजूद रहे। आयोजकों ने तीनों जिलों के सभी इच्छुक खिलाड़ियों से निर्धारित समय पर ट्रायल में शामिल होने की अपील की।





राहुल गांधी, तेजस्वी यादव, मुकेश साहनी के अधिवक्ता हुए न्यायालय में हाजिर

छपरा (आससे)। एसीजेएम चतुर्थ मनीष कुमार पांडे के न्यायालय में परिवाद पत्र संख्या 2223/ 2026 के जांच संख्या 30/26 के सुनवाई के दौरान कांग्रेस पार्टी के लोकसभा विपक्षी दल के नेता राहुल गांधी के अधिवक्ता संजय कुमार पाण्डे माननीय उच्च न्यायालय पटना बिहार विधानसभा के राजद पार्टी के विपक्षी दल के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव एवं भी आई पी पार्टी के अध्यक्ष मुकेश साहनी के अधिवक्ता शिव कुमार अधिवक्ता माननीय पटना उच्च न्यायालय वकालतनामा के साथ न्यायालय मे उपस्थित हुए और जवाब दाखिल करने के लिए एक समय की मांग की। बताते चलें कि भाजपा जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह ने विपक्ष के नेता लोकसभा राहुल गांधी तेजस्वी प्रसाद यादव मुकेश साहनी पर वोटर अधिकार यात्रा के दौरान दरभंगा स्थित सदर थाना अंतर्गत भाषण के दौरान इन नेताओं द्वारा दिनांक 28अगस्त को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी को मां–बहन के गाली के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया था। सूचना सोशल मीडिया और प्रिंट मीडिया तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से ज्ञात हुआ। जिससे वह काफी आहत हुए और करोड़ों भारतीय लोग भी इसे कथन से आहत हुए जिसको लेकर उन्होंने संबंधित थाना में प्राथमिकी दर्ज करने गए। परंतु प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई। तब मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय में 4 सितंबर 2025 को परिवाद पत्र दाखिल किया।सूचक की ओर से अधिवक्ता मनोज कुमार ने न्यायालय में सूचक का पक्ष रखा। इस मामले में सूचक सहित तीन गवाहों की गवाही न्यायालय में कराई गई है। न्यायालय द्वारा संज्ञान लेने के पूर्व मुदालहो को अपना पक्ष रखने के लिए नोटिस भेजा गया था। जिस पर उनके अधिवक्ता आज न्यायालय में उपस्थित हुए। अगली सुनवाई के लिए न्यायालय ने 15 दिसंबर की तिथि मुकर्रर की है।

वोट बचाओ-देश बचाओ आंदोलन में शामिल होने कांग्रेस कार्यकर्ताओं रवाना

छपरा। आगामी 1 नवंबर को दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित होने वाले वोट बचाओ्ङ्देश बचाओ जनआंदोलन% में शामिल होने के लिए छपरा से कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जत्था रवाना हुआ।छपरा कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. शंकर चौधरी के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचकर इस जनआंदोलन में भाग लेंगे। इस दौरान कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखा गया। कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र, संविधान और मताधिकार की रक्षा के संकल्प के साथ दिल्ली कूच किया। कांग्रेस पार्टी व इंडिया महागठबंधन द्वारा आयोजित इस जनआंदोलन का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची की पारदर्शिता, निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया तथा प्रत्येक नागरिक के मताधिकार की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर उठाना है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ. शंकर चौधरी ने कहा कि लोकतंत्र में जनता का वोट उसकी सबसे बड़ी ताकत है। मताधिकार की निष्पक्षता और चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करना लोकतांत्रिक व्यवस्था की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इसी उद्देश्य से कांग्रेस पार्टी देशभर में जनजागरण अभियान चला रही है।

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्यों हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती है। 1. **ई. निविदा सं. :** पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीएन–05–26–27, **कार्यों के नाम :** सीएओ/सीओएन/महेन्द्रूघाट पटना, निर्माण कार्यालय/दानापुर एवं निर्माण स्टोर (पी.वे एवं कार्य)/दानापुर के कार्यालयों और परिसर का रखरखाव, सुधार और बागवानी।, **अंकलित मूल्य (रु) :** 1,23,97,001.55, **निविदा प्रपत्र का लागत (रु.) :** 0.00, **अग्रधन राशि (रू.) :** 2,48,000/–, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 24 महीने (730 दिन)। **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 18.11.2026 at 15.30 बजे। ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/ फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइटः **http//www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। **द्रष्टव्यः** निविदा सूचना में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाने पर अंग्रेज़ी संस्करण मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धि–पत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाईट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें। कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र सिर्फ IREPS वेबसाईट पर ही उपलब्ध किये जाएंगे।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/दक्षिण
पू.म.रे. महेन्द्रूघाट, पटना

पीआर/1212/कॉन/एस/एमएचएक्स/पटना/कन्स्ट्र./टी/26–27/44

आर के सिंन्हा के निधन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गहरी शोक संवेदना जताया

छपरा (आससे)। भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राज्यसभा सांसद एस आई एस के संस्थापक आर के सिंन्हा के निधन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गहरी शोक संवेदना प्रकट किया है शोक संवेदना प्रकट करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह एवं प्रधान प्रवक्ता भाजपा अधिवक्ता प्रकाश रंजन नीकू ने संयुक्त रूप से कहा कि श्री सिंन्हा के निधन से सामाजिक राजनीतिक एवं औद्योगिक जगत को अपुरणीय क्षति हुई है जिला अध्यक्ष एवं भाजपा के मुख्य प्रवक्ता ने कहा की श्री सिन्हा एस आई एस की स्थापना कर बिहार सहित देशभर में हजारों लोगों को रोजगार का अवसर प्रदान किया तथा उन लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया सार्वजनिक जीवन एवं रोजगार सृजन के क्षेत्र में उनका योगदान सदैव असमरणीय रहेगा शोक व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से पवन कुमार श्रीवास्तव दुर्गेश बिहारी मुकेश कुमार वर्मा चंद्रशेखर जायसवाल शैलेंद्र कुमार सिंह अजय राम सत्येंद्र कुमार सिंह नंदकुमार यादव मदनजीत शरण पप्पू रंजन कुमार शर्मा आदि प्रमुख हैं।

ब अदालत सब जज-4
मो.-छपरा
हकियत वाद सं.-372/2025
फुलमति देवी वगैरह--------मुदईयान
बनाम
दीपनारायण ठाकुर वगैरह-----मुदालहम
नोटिस बनामः 1- दीपनारायण ठाकुर वल्द रामदास ठाकुर 2-शकुन्तला देवी जौजे दीपनारायण ठाकुर दोनों साकिनान मौजा सिसई पो.-सिसई थाना सहाजितपुर जिला-सारण 3.लालपति देवी जौजे स्व. राजमुनि ठाकुर साकिन मौजा-भुवाल छपरा पोस्ट नवरंगा थाना समीरपुर जिला-बलिया (उ.प्र.)
चुं मुदईयान ने आपलोगों के विरूद्ध बावत हकीयत वाद दाखिल किया है जिसमें आपलोग अदालती नोटिस वो भी रजिस्टर्ड कभर निर्गत होने के बावजूद वाद में उपस्थित नही हो रहे है। अतः बजरिये इस प्रकाशन नोटिस के आपलोगों को आगाह किया जाता है कि आपलोग वाद में निर्धारित तिथि 05.11.26 को स्वयं /वकालतन उपस्थित होकर जो कुछ उजूरदारी पेश करना हो, करे अन्यथा वाद में एकपक्षिय सुनवाई कर उचित आदेश पारित कर दिया जायेगा । इसे सख्त ताकिद जाने ।आज दिनांक 28.10.26 को अदालत के मोहर वो हस्ताक्षर से जारी।
सब जज-4,
मो.-छपरा
9/509/26



सुरक्षित बचपन को लेकर दो विद्यालयों में लगा विधिक जागरूकता शिविर

छपरा। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार सारण के तत्वावधान में शुक्रवार को सरस्वती विद्या मंदिर, दर्शन नगर तथा संगम पब्लिक स्कूल, छपरा में सुरक्षित बचपन विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए डीएलएसए के सचिव राजीव कुमार ने छात्र–छात्राओं को मौलिक एवं कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने बाल संरक्षण कानून, बाल श्रम निषेध, बाल विवाह रोकथाम तथा पॉक्सो एक्ट के प्रावधानों के बारे में बताया। साथ ही साइबर अपराध, ऑनलाइन धोखाधड़ी, साइबर बुलिंग और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराना प्राधिकार का मुख्य उद्देश्य है।बाल कल्याण समिति की सदस्य सरोज कुमारी ने बच्चों के संरक्षण एवं पुनर्वास की जानकारी दी। वहीं लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ पूर्णेन्दु रंजन ने निःशुल्क कानूनी पैरवी की व्यवस्था समझाई। मौके पर पारा विधिक स्वयंसेवक (पीएलवी) कामेश्वर यादव भी उपस्थित रहे। दोनों विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। अंत में विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

केंद्रीय मेडिकल टीम ने चैनपुर एच डब्ल्यू सी का किया निरीक्षण

तरैया। नेशनल सर्टिफिकेशन कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को केंद्रीय निरीक्षण टीम ने तरैया प्रखंड अंतर्गत चैनपुर गांव स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (एच डब्ल्यू सी) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान स्वास्थ्य सुविधाओं और डिजिटल सेवाओं की उपलब्धता का गहन जायजा लिया गया।केंद्रीय टीम में गोरखपुर के डॉ. संतोष कुमार ओझा एवं झारखंड के देवघर से आए डॉ. मणिशेखर सहित अन्य वरिष्ठ स्वास्थ्य विशेषज्ञ शामिल थे। टीम ने केंद्र से मरीजों को मिलने वाली प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं, दवाओं की उपलब्धता, स्वच्छता और अभिलेखों के रखरखाव का सूक्ष्म मूल्यांकन किया।निरीक्षण के दौरान टिम के साथ मौजूद रेफरल अस्पताल तरैया के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ए.बी. शरण ने बताया कि नेशनल सर्टिफिकेशन प्रक्रिया के तहत तरैया के चैनपुर गांव का चयन किया गया है। उन्होंने कहा कि इस सर्टिफिकेशन के माध्यम से चैनपुर एच डब्ल्यू सी में अत्याधुनिक एवं डिजिटल जांच सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को गांव में ही त्वरित व सटीक पैथोलॉजिकल एवं डिजिटल जांच की सुविधा मिल सकेगी।केंद्रीय टीम के इस दौरे और गांव के चयन से स्थानीय ग्रामीणों में स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है।

आसनसोल – गया एमईएमयू एक्सप्रेस का पुनर्निर्धारण

रखरखाव कार्य के लिए, आसनसोल मंडल के सीतारामपुर स्टेशन लिमिट में अप लाइन पर **दिनांक** 03.11.2026 (मंगलवार) को **04 घंटे (10.15 बजे से 14.15 बजे तक)** ट्रैफिक ब्लॉक की आवश्यकता होगी। इसके फलस्वरूप, 13545 **आसनसोल–गया एमईएमयू एक्सप्रेस** ब्लॉक के दिन 30 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। असुविधा के लिए खेद है।
मंडल रेल प्रबंधक, आसनसोल
पूर्व रेलवे
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

ब अदालत, श्रीमान प्रधान न्यायाधीश
परिवार न्यायालय
मो.-छपरा, सारण
तलाक वाद सं-33/2025
राजीव कुमार राय---------- आवेदक
बनाम
गुड़ीया देवी---------------विपक्षी
नोटिस बनामः गुड़िया देवी उर्फ गुड़ीया कुमारी जौजे राजीव कुमार राय पुत्री राजेश्वर राय, सा.-मिठेपुर रसुलपुर थाना गड़खा, जिला- सारण
चुं आपके विरुद्ध नजारत एवं पंजीकृत डाक से नोटिस प्रेसित की गई है आप जान-बुझकर मुकदमें में उपस्थित नहीं हो रही है। इस प्रकाशन के माध्यम से आपको अगाह किया जाता है कि आप मुकदमें में वकालतन या असालतन उपस्थित होकर जो कुछ उजूर पेश करना हो पेश करें। अन्यथा मुकदमें की सुनवाई आपके विरुद्ध एकपक्षीय की जाएगी। मुकदमें की सुनवाई की तिथि 3-11-2026 को निर्धारित की गई है। इसे ताकिद जाने आज दिनांक 14.10.2026 को न्यायालय के आदेशानुसार इस प्रकाशन को जारी किया गया।
आदेशानुसार
प्रधान न्यायाधीश
परिवार न्यायालय, छपरा, सारण
9/509/26

बिहार लोक सेवा आयोग
15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना-800001

विज्ञापन सं.-05/2026 से संबंधित

आवश्यक सूचना

गृह विभाग (आरक्षी शाखा), बिहार, पटना के अधीन बिहार अग्निशमन सेवान्तर्गत उप निदेशक (वरीय पुलिस उपाधीक्षक के समकक्ष) के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु दस्तावेज सत्यापन दिनांक 04.11.2026 को निर्धारित है। विस्तृत दस्तावेज सत्यापन कार्यक्रम आयोग के वेबसाईट **www.bpsc.bihar.gov.in** पर प्रकाशित है।

ह./-
परीक्षा नियंत्रक
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

